# ए0 पी0 एस0 एम0 कॉलेज, बरौनी

## महत्त्वपूर्ण सूचना

ए0 पी0 एस0 एम0 कॉलेज, बरौनी, बेगूसराय में चार वर्षीय (**CBCS Course**) स्नातक प्रथम खण्ड, कला एवं विज्ञान सत्र–2023–2027 के लिए प्रथम सेमेस्टर के Waiting List वाले सभी छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन नामांकन दिनांक 09.07.2023 से दिनांक 10.7.2023 के शाम 6 बजे तक लिया जाएगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा द्वारा चयनित छात्र/छात्राऍं इस महाविद्यालय में नामांकन हेतु महाविद्यालय के वेबसाईट (**www.apsmcollege.ac.in**) पर लॉगिन करके सभी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए नामांकन ले सकते है।

**Waiting List** वाले छात्र–छात्राओं का नामांकन विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत **Subject wise** रिक्त सीटों के विरूद्ध नामांकन लिया जाएगा। **Catogary wise Subject** के आधार पर रिक्त सीटों की जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गई है।

फार्म भरने में निम्नलिखित कागजातों को स्कैन कर संलग्न करना होगा एवं महाविद्यालय में भी जमा करना होगा।

1. आवेदक का कलर पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ ।
2. आवेदक का हस्ताक्षर ।
3. **Common Admission Form** की एक छाया प्रति।
4. 12 वीं परीक्षा का प्रवेश पत्र की एक छाया प्रति।
5. 12 वीं परीक्षा का अंक पत्र की दो छाया प्रति।
6. 10+2 स्कूल/कॉलेज द्वारा निर्गत की गई एस0एल0सी0, सी0एल0सी0/टी0सी0 की मूल एवं दो छाया प्रति।
   (जिनके पास एस0 एल0 सी0, सी0 एल0 सी0/टी0सी0 उपलब्ध नहीं होगा, उनका नामांकन नहीं हो पाएगा)

नोट : हमारे महाविद्यालय से इण्टर पास छात्र–छात्राऍं जिन्होनें सी0एल0सी0 नहीं लिया है वो नामांकन के समय अपना इण्टर का परिचय पत्र अपलोड करेंगे।

7. जाति एवं आय प्रमाण पत्र की एक एक प्रति। (आय प्रमाण पत्र 01 साल से ज्यादा पुराना ना हो)
   (नोट :नामांकन के समय जाति प्रमाण पत्र (जिनके साथ लागू हो) संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा नामांकन से वंचित हो जाएंगे)
8. अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं का माईग्रेशन की मूल एवं एक छाया प्रति।
09. साथ ही आवेदक का बैंक विवरणी एवं आधार नम्बर की छाया प्रति होना अतिआवश्यक है।

नोट : आवेदक का मोबाईल नं0 एवं ई मेल आई0 डी0 होना अनिवार्य है।

सभी सूचनाओं एवं प्रपत्रों के अपलोड होने के उपरान्त (**2 से 3 घंटे का समय**) अपलोड प्रपत्रों की जॉच हेतु समय लगेगा। सब कुछ सही पाये जाने के बाद ही आपको पेमेन्ट करने का लिंक मिलेगा अन्यथा अपका फार्म स्वतः निरस्त हो जाएगा। ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया में वांछित सूचनाएं उपर्युक्त कागजातों में दर्ज सूचना के समतुल्य होनी चाहिए। उन सभी सूचनाओं को सही सही भरने के बाद ही नामांकन शुल्क जमा करें। तब ही आपका नामांकन हो पाएगा। नामांकित छात्र एवं छात्राऍं नामांकन होने के उपरांत नामांकन शुल्क, पंजीयन शुल्क और परीक्षा शुल्क की प्रति का प्रिन्ट आउट निकालकर अपने पास एक प्रति सुरक्षित रखेंगे एवं एक प्रति ऑनलाईन नामांकन के **बाद 72 घंटे** के भीतर महाविद्यालय में मूल प्रपत्रों का सत्यापन किया जाएगा और जमा लिया जाएगा। उसके बाद ही नामांकन वैध माना जाएगा।

जाली प्रपत्र अपलोड किये जाने की स्थिति में नामांकन वैध नहीं माना जाएगा। नामांकन राशि स्वतः जब्त हो जाएगी साथ ही, कानूनी कार्यवाई भी की जा सकती है। किसी भी स्तर पर गलती के लिए सीधे तौर पर आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

नोट : स्कैन कागजातों को सही जगह पर और सही साईज में अपलोड करें अन्यथा आपका फार्म स्वतः निरस्त हो जाएगा और आपको फिर से पूरा फार्म भरना पड़ेगा, इसलिए ध्यानपूर्वक अपना फार्म भरें।

प्रधानाचार्य
ए0 पी0 एस0 एम0 कॉलेज,
बरौनी, बेगूसराय।